मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-115
21/03/2020

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ कोरोना वायरस से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की

**पटना, 21 मार्च 2020 :–** कोरोना वायरस से संबंधित तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों से कोरोना वायरस की संक्रमण की स्थिति से निपटने के लिए इलाज हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव ने आप सबको मुम्बई से आने वाली चार स्पेशल ट्रेनों के यात्रियों के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिया है। अन्य बातों की भी जानकारी आप सबको दी गयी है। इसके अलावा पूणे, केरल और बेंगलुरू से भी जो ट्रेनें आ रही है, उसका भी स्टॉपेज पर उतरने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रखें। जो स्पेशल ट्रेन से यात्री आ रहे हैं, उनके स्क्रीनिंग के बाद उन्हें अपने वाहनों से घरों तक पहुँचाया जाय। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री से भी कम से कम ट्रेन चलाने के संबंध में भी हमने उन्हें अपना सुझाव दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमण से पूरा विश्व प्रभावित है। इसके अभी दवा की कोई व्यवस्था नहीं हो पायी है। इसके संक्रमण को रोकने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका सोशल डिस्टेंसिंग (सामाजिक एवं आपसी दूरी को बनाकर रखना) है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मेडिकल ऑफिसर लोगों को इस बात के लिये प्रेरित करें कि वे ज्यादा से ज्यादा अपने घरों में रहें। माइक के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण इलाकों में भी इस संक्रमण के संबंध में लोगों को अवगत करायें। लोगों को इस बात के लिये भी जागरूक करें कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलें। सरकार हर क्षण इस संक्रमण से उत्पन्न स्थितियों पर नजर बनाये हुये है। लोगों को भयभीत होने के जरूरत नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाहर से फ्लाइट, रेल या बस से जो भी यात्री आ रहे हैं, उनकी सघन स्क्रीनिंग कराते रहें। जिलों में भी आवश्यक उपकरणों एवं अतिरिक्त आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। आवश्यकता पड़ने पर यदि अतिरिक्त आइसोलेशन वार्ड की जरूरत पड़ती है तो उसके लिये पूर्व में ही स्थान चिह्नित कर लिये जायें। उन्होंने कहा कि कल जनता कर्फ्यू के लिये आह्वान किया गया है। लोग अपने घरों में ही रहें और इस पर भी चिंतन–मनन करें कि कोरोना से निपटने के लिये क्या–क्या किया जा सकता है। रात 9 बजे के बाद भी लोग घरों से न निकलें। अन्य दिन भी कम से कम मुवमेंट करें। सभी लोग साफ–सफाई का ध्यान रखें। राज्य के सीमावर्ती बॉर्डरों पर आने वाले वाहनों की संख्या कम करायें और उस पर नजर रखें। जो भी बाहर से आ रहे हैं, उन पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि लोक शिकायत निवारण केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र, डी0टी0ओ0 कार्यालय, निबंधन केन्द्र को बंद रखें। जेल में कैदी से मिलने वाले लोगों को आना–जाना बंद करायें। कैदियों की पेशी भी बंद कर दी गयी है। पहले से ही स्कूल, कॉलेज, संस्थान बंद हैं। इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुये प्रत्येक नागरिक का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। हर व्यक्ति की सतर्कता ही कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का उपाय है।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार ने जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि मुम्बई से चार स्पेशल ट्रेनें आ रही है। इसके लिये बिहार में बक्सर, आरा और दानापुर में तीन स्टॉपेज निर्धारित की गयी है। वहॉ के जिलाधिकारी एवं एस0पी0 पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं मेडिकल स्टाफ रेलवे जंक्शन पर उपलब्ध रखें। जो यात्री ट्रेन से उतरेंगे, उन्हें बसों में बिठाकर एक निश्चित जगह पर ले जायें। उन पैसेंजरों का स्क्रीनिंग कराया जाय, उनका स्टैंपिंग किया जाय। उनका मोबाइल नंबर और रजिस्ट्रेशन दर्ज कराया जाय। जो संदिग्ध हों, उन्हें कोरोंटाइन के लिये निर्धारित जगह पर रखें। आइसोलेशन वार्ड की भी पूरी तैयारी रखें। इन यात्रियों की सूची सभी जिलाधिकारियों को दे दी जायेगी ताकि वे अपने जिले में भी जायें तो उन पर निगरानी रखी जा सके। होम कोरोंटाइन के लिये एक मेडिकल स्टाफ से भी उनलोगों का संपर्क रखें। लोगों को माइक के माध्यम से घर में रहने के लिये प्रेरित करें। चिकित्सकीय परामर्श के लिये 104 पर डायल कर सकते हैं। पी0एच0सी0 में हमेशा कम से कम चार गाड़ियॉ उपलब्ध रखें। फोन और रजिस्टर भी मेनटेन रखें। रेस्टोरेंट और ढ़ाबों को भी बंद रखें।

कृषि सह पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सचिव ने बर्ड फ्लू और स्वाइन फीवर से संबंधित जानकारी दी। जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि वर्ड फ्लू से मृत पक्षियों का पूर्ण गड्ढ़े में उसे डालकर ढ़कें। उस जगह को सेनिटाइज करें। मृत पक्षी को खुले हाथ से न छूयें। मृत पक्षी के आसपास के पोलट्री फॉर्म के पक्षियों का भी मेडिकल जॉच करायें। कोई शिकायत मिलती है तो पशुपालन निदेशालय के 06122230944 पर जानकारी दें।

धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुये कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये पूजा, आरती एवं राजभोग के लिये तीन लोग ही मंदिर के अंदर जायेंगे और बाकी लोगों को मंदिर में नहीं जाने की सलाह दी गयी है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन एवं गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, प्रधान सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन श्री दीपक कुमार सिंह, भारत सरकार के प्रतिनिधि श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, सचिव परिवहन श्री संजय अग्रवाल, सचिव कृषि सह पशु एवं मत्स्य संसाधन श्री एन0 सरवन कुमार, सचिव खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण श्री पंकज कुमार पाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव सह सी0ई0ओ0 राज्य स्वास्थ्य सुरक्षा समिति श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के संयुक्त सचिव श्री मनोज कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमण्डलीय आयुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक भी जुड़े थे। जिलाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक सुझाव एवं अपने अनुभव साझा किये।

******